RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 178 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# ऑनलाइन हो सकेगा मोटर वाहन निरीक्षकों का ट्रांसफर

## सीएम एकनाथ शिंदे ने किया शुभारंभ

**मुंबई : महाराष्ट्र सरकार ने पहली बार मोटर वाहन निरीक्षकों (एमवीआई) और सहायक मोटर वाहन निरीक्षकों (एएमवीआई) सहित परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली अपनाई. अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि इस तरह की कवायद में कदाचार पर अंकुश लगाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली अपनाई गई है.**



अधिकारियों ने कहा कि विभाग के 480 मोटर वाहन निरीक्षकों और सहायक मोटर वाहन निरीक्षकों को ऑनलाइन प्रणाली का उपयोग करके स्थानांतरित कर दिया गया. दक्षिण मुंबई के सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिनके पास परिवहन विभाग है, ने 166 एमवीआई और 314 एएमवीआई की एक कम्प्यूटरीकृत सूची तैयार की, जिनका स्थानांतरण होना था और प्रक्रिया को पूरा करने और उन्हें नयी तैनाती देने के लिए बस ऑनलाइन प्रणाली पर एक क्लिक किया.

अधिकारियों ने कहा कि परिवहन विभाग के इतिहास में पहली बार, महाराष्ट्र सरकार ने प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए एमवीआई और एएमवीआई के स्थानांतरण के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली अपनाई है. बता दें इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने परिवहन विभाग में होने वाले ट्रांसफर्स को पारदर्शी बनाने के लिए कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था को लागू करने का आश्वासन दिया था. इसके तहत ही परिवहन विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन प्रणाली को विकसित किया है. इतना ही नहीं सीएम एकनाथ मुख्यमंत्री ने नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग पर होने वाले हादसों को लेकर चिंता जताई. उन्होंने इस महामार्ग पर हादसे को रोकने के लिए उचित उपाय करने के निर्देश दिए हैं. ठाणे में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए, पुलिस के साथ ही विशेष परिवहन अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं.

## महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ हो सकती है बारिश



**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पूर्व और निकटवर्ती पूर्व-मध्य अरब सागर पर जारी है, इससे संबंधित चक्रवाती प्रसार मध्य स्तरों तक फैला हुआ है।

इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण-पश्चिम और निकटवर्ती पश्चिम-मध्य अरब सागर पर अच्छी तरह कम दबाव के क्षेत्र में बदलने का अनुमान है। इसके 21 अक्टूबर के आसपास दक्षिण-पश्चिम और निकटवर्ती पश्चिम-मध्य अरब सागर पर एक डिप्रेशन या अवसाद में तब्दील होने का पूर्वानुमान है।

वहीं, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे अंडमान सागर पर बन चक्रवाती प्रसार अब दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर बना गया है। यह औसत समुद्र तल से 4.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।

## माता-पिता को गिफ्ट में मिली कार में घूमना पड़ा महंगा, नाबालिग और उसके दोस्त की हुई मौत



**ठाणे,** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 17 वर्षीय लड़के और उसके दोस्त की एक दुर्घटना में मौत हो गई। दरअसल, हाल ही में लड़के के माता-पिता को उपहार में कार मिली थी। उसी कार में दोनों घूमने निकले थे।

अंबरनाथ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उल्हासनगर-अंबरनाथ मार्ग पर कार एक पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि लड़का 18 वर्षीय दोस्त के साथ कार से घूमने निकला था। तभी कार एक पेड़ से टकरा गई और दोनों घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## ट्रेनिंग सेशन के दौरान एयरक्राफ्ट कैश, एक शख्स



**मुंबई :** बारामती एमआईडीसी क्षेत्र में कटफल गांव के पास ट्रेनिंग सेशन के दौरान ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट कैश हो गया. इस दुर्घटना में एक शख्स घायल हो गया. पुणे ग्रामीण पुलिस के एसपी अंकित गोयल ने इस बात की जानकारी दी. न्यूज एजेंसी मुताबिक, पुलिस ने बताया कि इस विमान में दो व्यक्ति सवार थे. पुलिस ने बताया कि पश्चिम महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती तालुका में दुर्घटनाग्रस्त विमान के पायलट और विमान में सवार एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है. इस दुर्घटना में पायलट शक्ति सिंह मामूली रूप से घायल हो गए. बारामती में पायलटों को ट्रेनिंग दी जाती है. यहां कई पायलटों को फ्लाइट उड़ाने की ट्रेनिंग मिलती है. पिछले कुछ दिनों से यहां खूब ट्रेनिंग चल रही है. बता दें कि इससे पहले 14 सितंबर को लैंडिंग के दौरान मुंबई एयरपोर्ट के रनवे एक प्राइवेट चार्टर्ड विमान फिसल गया था. इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए थे. ये चार्टर्ड विमान विशाखापत्तनम से मुंबई पहुंचा था. विमान में छह यात्री और दो क्रू मेंबर मौजूद थे. ये हादसा उस समय हुआ जब भारी बारिश हो रही थी.

### नजी उड़ान प्रशिक्षण अकादमी से संबंधित था विमान

पुलिस ने हालांकि दोनों के संभावित चोटों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी. पुलिस ने बताया कि विमान नजी उड़ान प्रशिक्षण अकादमी से संबंधित था. बारामती पुलिस थाने के निरीक्षक प्रभाकर मोरे ने कहा, ''एक प्रशिक्षण विमान (रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी से संबंधित) शाम लगभग पांच बजे बारामती तालुका अंतर्गत कटफल गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में सवार पायलट और एक अन्य व्यक्ति, संभवतः सह-पायलट, को अस्पताल ले जाया गया है.'' दुर्घटना का कारण तत्काल पता नहीं चल पाया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. जो एयरक्राफ्ट क्रैश हुआ उसका साइज छोटा है.

## NCP विधायक खड़से और सांसद बहू पर -137 करोड़ का जुर्माना, जलगांव में बिना अनुमति के खुदाई का आरोप



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एकनाथ खड़से और उनकी बहू रक्षा खड़से पर 137 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खड़से और उनकी बहू पर ह्यअवैधह्न मिट्टी उत्खनन का आरोप है। रोचक बात ये है कि खड़से की बहू रक्षा बीजेपी सांसद हैं।

दरअसल, उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में सरकारी अधिकारियों ने खड़से को नोटिस जारी कर उन्हें 137 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का निर्देश दिया है। खबर के अनुसार, कथित तौर पर उनकी जमीन से बिना अनुमति के मिट्टी की खुदाई की जा रही है।

जलगांव के मुक्ताईनगर तालुका के तहसीलदार ने खड़से को 6 अक्टूबर को नोटिस जारी किया था। नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने 1.18 लाख पीतल की मुरम (खंडित खराब चट्टान) और काले पत्थर की अवैध खुदाई की। नोटिस के अनुसार, खुदाई से पहले खड़से ने महाराष्ट्र के संबंधित अधिकारियों से ''कोई अतिरिक्त अनुमति नहीं'' ली थी।

रिपोर्ट के अनुसार, जिस जमीन पर खुदाई हुई वह एकनाथ खड़से, उनकी पत्नी मंदाकिनी खड़से, बेटी रोहिणी खड़से और बहू रक्षा खड़से की है। खड़से को भेजी गई नोटिस के मुताबिक 15 दिनों के भीतर 137,14,81,883 रुपये की जुर्माना राशि का भुगतान करना होगा। भुगतान का समय नोटिस जारी होने की तारीख से जोड़ा जा रहा है, ऐसे में इस हफ्ते खड़से के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि एकनाथ खडसे, लगभग चार दशकों तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ थे। भाजपा छोड़ने के बाद खड़से 2020 में शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए। वह वर्तमान में महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य हैं। उनकी बहू रक्षा खड़से महाराष्ट्र की रावेर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।



## संपादकीय / लेख



# हमले से बढ़ा तनाव...!

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

इजरायल-हमास युद्ध के 11वें दिन मंगलवार को गाजा शहर के एक हॉस्पिटल पर हुए मिसाइल हमले ने इस प्रकरण के सबसे मानवीय और चिंताजनक पहलू को सामने ला दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे अभूतपूर्व करार दिया है। उसके मुताबिक, गाजा के 115 स्वास्थ्य केंद्र इस हमले की चपेट में आए हैं और शहर के ज्यादातर हॉस्पिटल इसकी वजह से ठप हो गए हैं। वैसे भी खबरें बताती हैं कि इजरायल की चेतावनी के बाद करीब 10 लाख लोग गाजा के उत्तरी हिस्से से दक्षिणी हिस्से की ओर चले गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा पट्टी के छोटे इलाके में आबादी का बड़ा हिस्सा आ गया है और वहां जरूरी चीजों की भारी किल्लत हो गई है। अगर मानवीय सहायता पहुंचाने की कोई टिकाऊ व्यवस्था जल्द नहीं की गई तो हालात बेकाबू हो सकते हैं। लेकिन गाजा के बाहर स्थितियों में सुधार की बात तो दूर, तनाव और बढ़ते नजर आ रहे हैं। हॉस्पिटल पर हमले के लिए हालांकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दोषी बता रहे हैं, लेकिन इससे आम लोगों के बड़ी संख्या में हताहत और घायल होने की सचाई बदल नहीं जाती। उधर, इजरायल गाजा के भीतरी इलाकों में अपनी सेना भेजकर हमास का खात्मा करने के अपने संकल्प पर अड़ा हुआ है, उसकी फौज इस अभियान को अंजाम देने के लिए आखिरी पलों की तैयारियों में जुटी है।

वहीं ईरान ने यह धमकी दे दी है कि अगर गाजा पर इजरायल के युद्ध अपराध नहीं रुके तो दुनिया भर के मुसलमान जंग में उतरेंगे और ईरान की सेना को कोई रोक नहीं पाएगा। यूं तो इजरायल और ईरान की सीमाएं साथ नहीं लगतीं। लेकिन लेबनान का बॉर्डर इजरायल से लगता है, जहां के मिलिटेंट ग्रुप हिजबुल्ला की ईरान मदद करता आया है। इन सबके बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजरायल पहुंच गए, लेकिन यह देखना बाकी है कि उनकी बातचीत से इजरायल के रुख में किसी तरह का बदलाव आता है या नहीं। हॉस्पिटल पर मिसाइल हमले के बाद जॉर्डन ने राष्ट्रपति बाइडन और इजिप्ट व फलस्तीन के नेताओं के साथ होने वाली बैठक टाल दी है। जहां तक आम लोगों के विरोध प्रदर्शन की बात है तो अभी तो सिर्फ वेस्ट बैंक और ईरान के कुछ शहरों में यह देखने को मिला है लेकिन हॉस्पिटल पर हमले के बाद लोगों से सड़कों पर निकलने की अपीलें शुरू हो गई हैं। अगर यह सिलसिला शुरू होता है तो जनमत का दबाव उन सरकारों को भी रुख कड़ा करने पर मजबूर कर सकता है जो अभी इस मामले में कोई कदम उठाने से बचना चाहती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो हमास-इजरायल युद्ध की आंच फैलने की आशंका हर पल मजबूत होती जा रही है। रूसझ्रयूक्रेन युद्ध के नतीजों से जूझती दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# दर्शनार्थियो का तांता,डांडिया खेलने वालो में होड़

## ॐ जय बाबा मित्र मंडल के दुर्गा पूजा की शहरभर में हो रही सराहना...

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के श्रीरंग नगर क्षेत्र में ॐ जय बाबा मित्र मंडल की तरफ से आयोजित सार्वजानिक नवरात्र जागरण उत्सव में बंगाली पद्धति से स्थापित दुर्गा माता का दर्शन करने के लिए माँ भक्तो का तांता लगा हुआ है ।साथ ही मंडल द्वारा कराए जाने वाले गरबा व डांडिया में हिस्सा लेने वालो का होड़ लगा हुआ है। भिवंडी के श्रीरंगनगर में लगातार 16 वर्षो से ''ॐ जय बाबा मित्र मंडल'' की तरफ से सार्वजनिक नवरात्र जागरण उत्सव का आयोजन किया जाता है ।मंडल के अध्यक्ष व पत्रकार जितेंद्र तिवारी ने बताया कि इस वर्ष माँ दुर्गा की 10 फिट उची महिसासुर मर्दन करते मूर्ति स्थापित किया गया है ।माँ के साथ लक्ष्मी ,सरस्वती ,हनुमान जी ,शंकर भगवान के अलावा विघ्नहर्ता गणेश भगवान की भी मूर्ति स्थापित की गई है ।जो पूर्ण रूप से मिट्टी से बनी है ।साथ ही बंगाली पद्धति से सजावट की गई है ।मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने बताया कि हर दिन सुबह नौ बजे आरती व रात में ठीक आठ बजे ढोल हरमुनियम के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच महाआरती होती है ।जिसमे शामिल होने व माँ की दिव्य मूर्ति का दर्शन करने वालो का तांता लगा हुआ है।



इसके बाद अलग अलग दिन फैंसी ड्रेस पर गरबा व डांडिया किया जा रहा है ।जो पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है ।उक्त मंडल द्वारा स्थापित मूर्ति व इसकी साजसज्जा के कारण ॐ जय बाबा मित्र मंडल हमेशा ही भिवंडी में टॉप पर रहा है ।मंडल के उपाध्यक्ष विजय मिश्रा( सिंटू पंडित ) व कोषध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा मंडल की तरफ से बिलुप्त होती संस्कृति को बचने व बच्चो को प्रोत्साहित करने के लिए ड्राइंग कम्पिटसन व डांस प्रतियोगिता के अलावा जादूगर के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ।मंडल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल के सचिव महेंद्र प्रताप सिंह, कार्याध्यक्ष मंचल पांडे,पूर्व कोषाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, रविन्द्र तिवारी, विमल तिवारी, गुड्डु तिवारी, प्रदीप केसरवानी, चंचल पांडेय,पवन केसरवानी, सुरेश केसरवानी,शिवचंद केसरवानी, राम सोनी, सुनील जायसवाल, प्रमोद केसरवानी,पवन केसरवानी, कल्लू वायरमैन, रमेश जायसवाल, अशोक दुबे, जयप्रकाश विशेष मेहनत कर रहे है।

# पुणे में बांग्लादेश के बीच हार्दिक पांड्या लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए



आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की शुरूआती सफलता की उम्मीदें गुरुवार को पूरी नहीं हुई और उनकी समस्याएं तब और बढ़ गईं, जब नौवें ओवर में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या डिलीवरी के फॉलो-थ्रू में अपनी टखने की चोट के कारण लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के चार-चार ओवर फेंकने के बाद पहले बदलाव के रूप में आए पांड्या को लिटन दास ने दूसरी और तीसरी गेंद पर लगातार चौके लगाए। दाएं पैर में पट्टी बांधकर मैदान में उतरे पांड्या ने फिजियो से कुछ उपचार लिया, लेकिन फिर अगली गेंद फेंकने में असमर्थ होकर लड़खड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने ओवर पूरा करने के लिए बाकी तीन गेंदें फेंकी और सिर्फ दो रन दिए, जिससे बांग्लादेश ने नौ ओवर की समाप्ति पर बिना किसी नुकसान के 47 रन बना लिए। तंजीद हसन ने तेज गेंदबाज के पहले ओवर में शार्दुल ठाकुर की लगातार तीन गेंदों पर दो छक्कों के अलावा एक चौका लगाया, जिससे बांग्लादेश 9.2 ओवर में पचास रन पर पहुंच गया। 10वें ओवर की समाप्ति पर उनका स्कोर बिना किसी नुकसान के 60 रन था। गेंदबाजी के लिए हार्दिक की मैदान पर वापसी थोड़ी मुश्किल दिख रही है, ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा को बांग्लादेश को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोकने के लिए अपने गेंदबाजों के साथ मिलकर काम करना होगा, जो बांग्लादेश को मिली शुरूआत को देखते हुए संभव लग रहा है।

# पैंट्री कार में चूहों ने चखे यात्रियों के लिए बने खाने



**मुंबई :** गोवा में लंबी दूरी की 11099 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मडगांव एक्सप्रेस की पैंट्री कार में बुधवार को कथित तौर पर कई चूहों को यात्रियों के लिए बनाए गए भोजन को चखते और खाते हुए पाया गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया। एक यात्री मंगिरीश तेंदुलकर, जो 15 अक्टूबर की रात ट्रेन में यात्रा कर रहे थे, ने कहा कि वह पैंट्री कार में कम से कम 6-7 चूहों को यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन खाते हुए देखकर हैरान रह गए। उन्होंने पैंट्री कार में चूहों के भोज का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिस पर कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और भारतीय रेलवे के स्वच्छता मानकों व यात्रियों के स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर सवाल उठाए तेंदुलकर ने कहा कि फिल्मांकन के बाद उन्होंने वहां एक आरपीएफ कांस्टेबल से शिकायत की, जिसने कथित तौर पर उनसे कहा कि ''नीचे पटरियों पर देखो, वहां 500-600 चूहे हैं, अगर 5-6 अंदर घुस गए हैं, तो आप इतना परेशान क्यों हैं?'' प्रतिक्रिया से आहत होकर गुस्साए यात्री ने सहायक स्टेशन प्रबंधक को फोन किया, उन्होंने पैंट्री मैनेजर को बुलाया। कथित तौर पर उसने लाचारी जताते हुए कहा कि ''पैंट्री में बहुत सारे चूहे हैं, हम क्या कर सकते हैं?''

निराश होकर, तेंदुलकर ने रेल मदद ऐप पर भी शिकायत दर्ज कराई, जिस पर एक कार्यकारी ने जवाब दिया कि वे आईआरसीटीसी को दंडित करेंगे, हालांकि इस घटना और वायरल वीडियो पर मध्य रेलवे और अन्य संबंधित अधिकारियों की प्रतिक्रिया अभी नहीं आई है। तेंदुलकर के खुलासा करने वाले वीडियो में दिखाया गया है कि चूहों का वास्तव में उस जगह पर कब्जा है। एक चूहा एक खुले बर्तन पर चढ़ जाता है और भोजन पर कूद जाता है, दूसरे ने भागने से पहले खाद्य पदार्थों के अंदर अपना चेहरा डुबो दिया, तो कुछ चूहों को पैंट्री प्लेटफॉर्म के आसपास भागते देखा गया, जहां ताजी कटी हुई सब्जियां रखी हुई थीं और भोजन सामग्री के अन्य पैकेट, व्यंजन और बर्तन भी पैंट्री अलमारियों पर दिखाई दे रहे हैं।



# मुंबई के सायन में कुछ युवक एक ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी पर हमला



**मुंबई:** मुंबई के सायन में कुछ युवक एक ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी पर हमला कर रहे हैं. जिसमें उपद्रवी युवाओं का एक समूह कथित तौर पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की पिटाई कर रहा है और साथ ही उस पर ताना मारते हुए कह रहा है, ''वर्दी का फायदा (वर्दी का फायदा उठाना)।'' युवाओं को गालियाँ देते हुए भी सुना जा सकता है, जबकि कुछ लोग हस्तक्षेप करने की कोशिश करते हैं और युवाओं को सलाह देते हैं कि वे ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को न मारें। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर व्यापक रूप से साझा किए गए एक वीडियो में, देर रात युवाओं के एक समूह को यह कहते हुए सुना गया कि वे अपने लिए पान खरीदने के लिए निकले थे। एक युवक को पुलिस से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि पुलिस द्वारा उन्हें पीटने के बाद उन्होंने ''एक छात्र की पिटाई की'', जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है। इस घटना में एक युवक भी घायल हो गया और अस्पताल में इलाज करवाते हुए उसकी तस्वीरें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने साझा कीं और फिर कई अन्य लोगों ने साझा कीं।

# MSEDCL प्रीपेड स्मार्ट मीटर करेगी पेश

**मुंबई:** एमएसईडीसीएल के अधिकारियों ने कहा है कि ग्राहकों को उनके ऊर्जा बिलों पर नजर रखने में मदद करने के लिए प्रीपेड मीटर लगाने की योजना अंतिम चरण में है और योजना का कार्यान्वयन बहुत जल्द होगा। अधिकारियों ने कहा कि पहले चरण में 2.41 करोड़ प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे और परियोजना की लागत लगभग 26,291 करोड़ रुपये है। यह पहल एमएसईडीसीएल उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने की कवायद का एक हिस्सा है। अधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा बिल पर खर्च पर पूर्ण नियंत्रण रखने का उपभोक्ता का अधिकार इस 'गुणवत्ता सेवा' पहल का एक हिस्सा है और तदनुसार अगले कुछ महीनों में नए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।



इन मीटरों की स्थापना के बाद, उपभोक्ता अपने मोबाइल उपकरणों पर ऊर्जा उपयोग को ट्रैक करने में सक्षम होंगे। उन्हें अपने बिजली उपयोग के बारे में नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा और वे प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज की तरह ही आवश्यक राशि का भुगतान करके उपयोग को नियंत्रित करने में सक्षम होंगे। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ता अपना बैलेंस और उन्हें कितना भुगतान करना है आदि जान सकेंगे और उसके अनुसार अपने बजट की योजना बना सकेंगे। हालांकि नए मीटर की कीमत लगभग 12,000 रुपये होगी, लेकिन उपभोक्ताओं को नए मीटर के लिए कुछ भी भुगतान नहीं करना होगा, अधिकारियों ने कहा कि लागत केंद्र सरकार के अनुदान और एमएसईडीसीएल के पास उपलब्ध धन से वसूल की जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि नए मीटर से कनेक्शन काटने और अन्य असुविधाओं की घटनाओं में भी कमी आएगी जो उपभोक्ताओं को पहले अनुभव होती थी। शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे के बीच प्रीपेड राशि समाप्त होने पर भी बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। इससे उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी काफी हद तक कम हो जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा, बिजली बिलों का भुगतान करने और मीटरों को रिचार्ज करने के लिए उपभोक्ताओं को बिजली बिलों का भुगतान करने में होने वाली परेशानी को कम करने के लिए कई तरीके उपलब्ध कराए जाएंगे।


स्मार्ट मीटर बिलिंग को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने में मदद करेंगे क्योंकि उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से खपत के बारे में चौबीसों घंटे डेटा मिलेगा। अधिकारियों ने कहा कि इससे संग्रह दक्षता में भी सुधार होगा और वाणिज्यिक घाटे को कम करने में मदद मिलेगी और यह भी कहा कि राजस्व में वृद्धि से टैरिफ वृद्धि पर नियंत्रण होगा।टएएउ्छठ मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, कल्याण, वसई-विरार और शेष महाराष्ट्र में लगभग 2.8 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करता है

## पालघर जिले मे व्यक्ति गिरफ्तार... 7.75 लाख रुपये की मेफेड्रोन जब्त



**पालघर:** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 47 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.75 लाख रुपये की मेफेड्रोन (मादक पदार्थ) जब्त की। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नाला सोपारा थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वियजसिंह बागल ने बताया कि पुलिस ने खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को नाला सोपारा इलाके में मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। व्यक्ति मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के पास से तलाशी के दौरान एक बैग मिला जिसमें से 7.75 लाख रुपये मूल्य का 77.50 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ।

# शख्स ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एक फ्लाईओवर पर की आत्महत्या



**जालना :** जालना के एक व्यक्ति ने गुरुवार तड़के मराठा समुदाय के आरक्षण के लिए दबाव बनाने के लिए बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एक फ्लाईओवर से लटककर आत्महत्या कर ली। कार्यकर्ताओं और पुलिस ने यह जानकारी दी। एक कार्यकर्ता ने कहा, उस व्यक्ति की पहचान जालना के अंबाद गांव के 35 वर्षीय सुनील बाबूराव कावले के रूप में की गई है, जो उस स्थान के करीब है जहां से समुदाय के नए आइकन मनोज जारांगे-पाटिल भी रहते हैं।

वहां पहुंची पुलिस टीम ने उसके सामान से एक मोबाइल और एक कथित सुसाइड नोट बरामद किया, इसमें उसने अपने जीवन को समाप्त करने के फैसले के लिए सभी से माफी मांगी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कावले मंगलवार देर रात जालना से छत्रपति संभाजीनगर होते हुए यहां पहुंचे और कल रात वह बांद्रा पूर्व में फ्लाईओवर पर एक स्थान पर गए और फांसी लगा ली। मराठा क्रांति मोर्चा के संयोजक वीरेंद्र पवार और विनोद पाटिल ने कावले की मौत पर दुख व्यक्त किया और समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे निराश न हों और आरक्षण की लड़ाई को बीच में छोड़कर आत्महत्या जैसे चरम कदम न उठाएं।

पवार ने कहा,''यह बहुत दुखद घटनाक्रम है। हमने अपने कार्यकर्ताओं को पूछताछ के लिए घटनास्थल पर भेजा है और जालना में उनके परिवार के सदस्यों का विवरण भी एकत्र किया है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह क्या काम कर रहा था और किन कारणों से उसे अपना जीवन समाप्त करने के लिए उकसाया गया होगा।'' कावले के शव को शव परीक्षण के लिए सायन अस्पताल भेज दिया गया है। उनके परिवार को भी सूचित कर दिया गया है।

# नासिक में छापा, ड्रग डॉन ललित पाटिल की दो महिला सहयोगी गिरफ्तार



**पुणे :** पुणे पुलिस ने नासिक में दो स्थानों पर छापा मारा और ड्रग डॉन ललित पाटिल की दो महिला सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने गुरुवार को ये जानकारी दी। इससे पहले डॉन ललित पाटिल को मुंबई पुलिस ने चेन्नई के पास एक जगह से गिरफ्तार किया था।

महिलाओं को बुधवार-गुरुवार की रात उनके घरों से पकड़ा गया और फिर पुणे लाया गया, जहां गुरुवार दोपहर उन्हें रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। उनकी पहचान प्रज्ञा कांबले और अर्चना निकम के रूप में हुई है, और कहा जाता है कि पाटिल ने अपनी गलत कमाई की संपत्ति नकदी, चांदी और सोने के आभूषणों के रूप में अपने पास सुरक्षित रखी है। पुणे पुलिस का ये एक्शन तब सामने आया जब उसे 2 अक्टूबर को ससून अस्पताल से पाटिल के कथित रूप से 'भागने' के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। पाटिल मुंबई पुलिस के जाल में फंसने से पहले 15 दिनों तक महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में भागता रहा।

एक पुलिस अधिकारी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नासिक की दो महिलाएं, जिन्हें पाटिल की 'गर्लफ्रेंड' बताया गया है, मुंबई और पुणे पुलिस टीमों को चकमा देने के लिए पाटिल के साथ लगातार संपर्क में थीं। दो सप्ताह तक भागने के दौरान, पाटिल ने अर्चना निकम के साथ एक दिन बिताया और फिर अपने खर्चों के लिए दोनों महिलाओं से 25 लाख रुपये नकद लिए। बाद में, वो पुणे से नासिक, धुले से छत्रपति संभाजीनगर तक मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर घूमता रहा, फिर दक्षिण गुजरात के सूरत में प्रवेश किया। वहां से कर्नाटक और फिर तमिलनाडु चला गया। पाटिल 23 अक्टूबर तक मुंबई पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने कहा कि वे उसके ड्रग नेटवर्क का पता लगाएगी।

# वसई-विरार में बनेंगे चार नए उड़ानपुल...

**मुंबई :** मुंबई और कल्याण-डोंबिवली की तरह अब वसई-विरार शहरों में महरेल द्वारा 4 रेलवे उड़ानपुल (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। राज्य के लोक निर्माण विभाग ने इन पुलों के निर्माण का निर्देश महारेल (महाराष्ट्र रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन) को दिया है। इस संबंध में जल्द ही एमएमआरडीए, वसई-विरार शहर महापालिका और



महारेल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इन पुलों के निर्माण के बाद वसई-विरार शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या हल हो जाएगी। वसई-विरार शहर का क्षेत्रफल 380 वर्ग किलोमीटर है और शहर की आबादी लगभग 25 लाख है। हालांकि, शहरों में सड़कें संकरी हैं। ऐसे में आए दिन नागरिकों को जाम से जूझना पड़ता है। सबसे अधिक ट्रैफिक जाम शहर के पूर्व से पश्चिम तक होता है। इसके लिए रेलवे उड़ानपुल (आरओबी) बनाने का विचार लाया गया। ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए मनपा ने शहर में 4 रेलवे उड़ानपुल का प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए एमएमआरडीए को भेजा था। जिसमें उमेला (वसई), आचोले (नालासोपारा), अलकापुरी (नालासोपारा) और विराट नगर (विरार) शामिल थे।




# नाइजीरियन का हत्यारा गिरफ्तार



**वसई :** नाइजीरियन की हत्या कर वांछित हत्यारे को क्राइम ब्रांच यूनिट ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि हत्यारा 4 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि तुलिंज थाने में आकस्मिक मृत्यु रजि नं. 221/2019 सीआरपीसी कलम 174 के तहत जांच अधिकारी महिला पुलिस उपनिरीक्षक संध्या पवार ने आकस्मिक मृत्यु की जांच की और सरकार की ओर से शिकायतकर्ता बनकर तुलिंज थाने में कलम 302, 34 के तहत अपराध में मृतक जोसेफ उर्फ चिन्डीनिजु अमएची विल्सन ( देश नाईजीरियन ) वर्ष 35, निवासी- प्रगति नगर नालासोपारा पूर्व का 16 अक्टूबर 2019 नूर बिल्डिंग खाली सड़क, प्रगति नगर नालासोपारा पूर्व स्थित अपराध के आरोपी ने आपस मे मिलीभगत कर अंमली पदार्थ नशे के कारण उसकी धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी।

# नशे का इतना बड़ा कारोबार बिना राजनीतिक आशीर्वाद के नहीं हो सकता - नाना पटोले



**मुंबई :** महाराष्ट्र एक सभ्य और उन्नत राज्य है, लेकिन राज्य की भाजपा सरकार महाराष्ट्र का नाम खराब करने का काम कर रही है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में नशीली दवाओं का भंडार पकड़ा गया है। नशे का इतना बड़ा कारोबार बिना राजनीतिक आशीर्वाद के नहीं हो सकता। ड्रग्स के काले कारोबार का ललित पाटील सिर्फ एक मोहरा है। असली मास्टरमाइंड कौन है? इसका खुलासा होना बेहद जरूरी है। यह बात महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने कही। पटोले ने ड्रग्स माफिया ललित पाटील को गिरफ्तार करने के लिए मुंबई पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि हाल ही में नासिक में ड्रग्स का बड़ा भंडार जब्त किया गया था। सोलापुर के एमआईडीसी में भी ड्रग्स का भंडार मिला है। महाराष्ट्र में इस तरह नशीली दवाओं का भंडार मिलना महाराष्ट्र के लिए शर्मनाक घटना है। यह बात सामने आई है कि ड्रग्स मामले में गिरफ्तार ललित पाटील, पुणे के ससून अस्पताल में सभी सुविधाओं के मजे ले रहा था। हम लोगों ने पहले ही कहा था कि ललित पाटील को भगाया गया है और आज हमारी बात सच हो गई है। ललित पाटील खुद कह रहा है वह अस्पताल से भागा नहीं था, बल्कि भगाया गया था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इन सभी मामलों पर विराम लगाना बेहद आवश्यक है। राज्य में नशे के काले कारोबार को किसका आशीर्वाद प्राप्त है। ललित पाटील के पीछे कौन-सी ताकत काम कर रही है? इन सभी का खुलासा होना बेहद जरूरी है। नाना पटोले ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे रही है। बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। सरकारी कर्मचारियों की भर्ती नहीं की जा रही है। निजी कंपनियों द्वारा अनुबंध के आधार पर नियुक्ति कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजपा की सरकार युवाओं को नशे के जाल में फंसाकर बर्बाद करने का पाप कर रही है। भाजपा सरकार में घोटालेबाज, अपराधी, लुटेरे, हत्यारे, बलात्कारी और नशे का काला कारोबार करनेवालों के ‘अच्छे दिन' आ गए हैं।

# भिवंडी में गोदाम से साढ़े 24 लाख के कॉपर पाइप और पार्टस चोरी



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के रहनाल व दापोड़े गांव स्थित एक ही कंपनी के अलग अलग गोदामों का शटर और दीवार में होल कर अज्ञात चोरों ने 24 लाख 92 हजार 051 रुपए कीमत के कॉपर पाइप और पार्टस चोरी कर फरार हो गए है। घटना की जानकारी मिलने पर कॉपर व्यवसायी चिराग सुरेश कोठारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ नारपोली पुलिस थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक बोरीवली पश्चिम निवासी पेशे से कॉपर व्यवसायी चिराग सुरेश कोठारी की रहनाल गांव के मनी सूरत कंपाउंड, एफ बिल्डिंग के गाला नंबर 03 तथा मानकोली हरिहर कांप्लेक्स बिल्डिंग नंबर ए-6 गाला नंबर 8 से 11 तथा गाला नंबर 18 से 22 में कॉपर का माल जमा कर रखा है , जिसे यही से दूसरे शहरों में सप्लाई करते हैं। अज्ञात चोर ने मनीसूरत कंपाउंड रहनाल गांव के गोदाम का शटर तोड़ कर अंदर घुस गए और गोदाम में रखे 20 लाख 69 हजार 900 रुपए कीमत के कॉपर चोरी कर लिया। इसी तरह कोठारी के ही दापोडे गांव स्थित गाला नंबर 22 की बाहरी दीवार में छेदकर गोदाम में प्रवेश किया और ए.सी.मे इस्तेमाल होने वाले पार्टस लगभग 4 लाख 22 हजार 151 रुपए का माल चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक रोहन शेलार कर रहे है।

# मनपा सख्त कदम उठाने को तैयारी में, प्रदूषण फैलानेवालों की करें शिकायत...



**मुंबई :** महानगर मुंबई में पिछले दो वर्षों से प्रदूषण का स्तर बहुत तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में मुंबई का प्रदूषण चरम पर दिखाई देता है। ऐसे में वैश्विक स्तर के मुंबई शहर में प्रदूषण का बढ़ना मनपा के पसीने छुड़ा रहा है। साथ ही देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में दिल्ली से ज्यादा प्रदूषण होने की रिपोर्ट ने मनपा को बेचैन कर दिया है। मुंबई की खराब हो रही छवि को बचाने के लिए अब मनपा सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। मनपा शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए जहां गाइडलाइन तैयार कर सख्ती से लागू करने में जुटी है वहीं मनपा ने प्रदूषण फैलानेवालों के खिलाफ लोगों से १९१६ पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

मनपा के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मनपा क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पिछले एक महीने से माथापच्ची शुरू है। तमाम बैठकें कर प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्त गाइडलाइन तैयार की जा रही हैं। हमने पहले भी गाइडलाइन तैयार की थी, लेकिन अब उसमें कुछ बदलाव कर नए सिरे से गाइडलाइन जारी करेंगे। संभवतः उसमें परियोजनाओं पर काम करने वाले ठेकेदारों पर ही नहीं, बल्कि मुख्य एजेंसी पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

पर्यावरण विशेषज्ञ रोहित जोशी ने बताया कि मुंबई की सड़कों पर वाहनों की संख्या ४२.१३ लाख से अधिक हो गई है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि ट्रैफिक जाम की समस्या बद से बदतर हो गई है। यह संख्या महाराष्ट्र में वाहनों की कुल संख्या ४.०९ करोड़ का १०.३ प्रतिशत है। इन वाहनों को सड़क पर चलने से जो धुआं, कण उड़ते हैं उससे भी हवा में प्रदूषण बढ़ता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पिछली आघाड़ी सरकार के पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने भी खूब प्रयास किया। उनके प्रयासों से लगभग ६० प्रतिशत रफ्तार से इलेक्ट्रिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन किए गए। महानगर मुंबई में मेट्रो परियोजनाओं के तमाम चरण का काम शुरू है। इसके अलावा मनपा की ओर से सड़क और पुलों के निर्माणकार्य शुरू हैं। उधर इमारतों के निर्माण का काम भी बड़ी तेजी से शुरू हैं। मनपा की मानें तो ६ हजार से अधिक काम शुरू हैं। शायद मुंबई में इतनी बड़ी संख्या में निर्माण कार्य पहली बार हो रहा है। इतनी बड़ी संख्या में निर्माण कार्य के चलते हजारों टन सीमेंट और कंक्रीट रोजना इस्तेमाल हो रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि मुंबई कंक्रीट का शहर बनता जा रहा है।

# परिवहन नियम ताक पर... वाहनों में ठूंस-ठूंस कर भरे जाते हैं बच्चे



**पालघर :** जिले के विभिन्न स्कूलों की बसों में बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह ढोया जा रहा है। परिवहन नियमों को ताक पर रखकर स्कूली बच्चों को वैन व ऑटो में धड़ल्ले से ढोया जा रहा है। ऐसे में वाहनचालक मासूमों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऑटो में ५ की जगह ८ से ९ बच्चे जबकि वैन में ८ की जगह १२ से १४ बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जा रहा है। ऐसे ही स्कूल बस भी बच्चों से खचाखच भरी रहती है। हालत यह है कि कई स्कूली वाहन क्षमता से दो गुना बच्चों को बैठाकर लाने-लेजाने का काम कर रहे हैं। कुछ स्कूलों को छोड़ दे तो अधिकतर में फिटनेस, पंजीयन, फस्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, वाहन का रंग व नंबर सब गायब हैं।

स्कूल के इन वाहनों में बच्चों की देखभाल के लिए कोई कर्मचारी भी नहीं रहता है। ज्यादातर स्कूली बसों और वैन, रिक्शा में प्राथमिक उपचार की कोई सुविधा नहीं रहती है। स्कूली बसों के चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी की जाती है। इसके बावजूद परिवहन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए है। जिसका खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ता है। जिले में स्कूली वाहनों की घोर कमी के कारण बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को ऑटो, टाटा मैजिक, आदि वाहनों में जैसे-तैसे स्कूल भेजने पर मजबूर हैं। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों के ढोए जाने से हमेशा ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ओवर लोडिंग का नजारा भी क्षेत्र में आम है। इसका सबसे अधिक प्रभाव बोईसर, दहाणू, पालघर इलाके में देखा जाता है। एक ऑटो में करीब १५ स्कूली बच्चों को ढोया जाता है। इस बारे में पालघर ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी आसिफ बेग का कहना है कि ओवरलोडेड वाहनों की जांच की जाती है।

# रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया प्रतिबंधित पदार्थ की खेप, दो गिरफ्तार



**वसई :** पश्चिम रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे स्टेशन, रेल परिसर व रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाते दिख रहे है। जिसके चलते पश्चिम रेलवे के विभिन्न रेलवे स्टेशन व रेल परिसरो में आए दिन अलग-अलग मामलों में अपराधी पकड़े जा रहे है। इसी क्रम में बोरीवली आरपीएफ जवानों की चौकन्ना के कारण वोरीवली रेलवे स्टेशन से प्रतिबंधित पदार्थ की एक बड़ी खेप जप्त किया तथा मामले में दो लोगों को पकड़कर जीआरपी बोरीवली के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर 2023 को समय लगभग 10:50 बजे ड्यूटी पर राउंड के दौरान आरपीएफ बोरीवली के एस.आई.पी.एफ. अशोक खरे ने सी.टी.संदीप साहनी, सी.टी. रवि वर्मन और सी. टी. रवि कुंतल के साथ बोरीवली स्टेशन प्लेटफॉर्म नं. 7 पर दो बाहरी लोगों को संदिग्ध बैग में प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ हिरासत में लिया। दोनों को आरपीएफ पोस्ट पर लाकर पूछताछ की गयी, उन्होंने बताया कि वे गुजरात से प्रतिबंधित वस्तुएं (तंबाकू, पान मसाला) लाए थे। पकड़े व्यक्तियों के नाम जय नवीनभाई भदा (22) व धवल मंजीभाई भदा (26) है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com